न्यूज़लेटर

15-31 जुलाई, 2025

पूरा भाषण यहां देखें।

ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में बोलते हुए, राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी और सशस्त्र बलों की प्रतिक्रिया की सराहना की। राहुल गांधी ने राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी और पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई में सेना के हाथ बांधने के लिए सरकार की आलोचना की। उन्होंने विदेश नीति की उन नाकामियों को उजागर किया जिनके कारण पाकिस्तान और चीन भारत के खिलाफ एकजुट मोर्चा बना रहे हैं। साथ ही ट्रंप के सीजफायर के दावों पर, उन्होंने प्रधानमंत्री को चुनौती दी कि वे खुले तौर पर कह दें कि ट्रंप झूठ बोल रहा है।

मेक इन इंडिया के पीछे का सच

मेरे विचार

हाल ही में, मैंने दिल्ली-एनसीआर में एक टीवी असेंबली फ़ैक्टरी का दौरा किया। मुझे यह देखकर हैरानी हुई कि फ़ैक्टरी में सब कुछ चीन में बना था। 'मेक इन इंडिया' के बैनर तले, हम मैन्युफैक्चरिंग नहीं, बल्कि असेंबलिंग कर रहे हैं। छोटे उद्यमी निर्माण करना चाहते हैं, लेकिन उन्हें भारी टैक्सों और एकाधिकार का सामना करना पड़ता है जो उत्पादन को रोकता है। जब तक भारत उत्पादन में आत्मनिर्भर नहीं बन जाता, तब तक "मेक इन इंडिया" सिर्फ बातों में ही रहेगा।

पूरा वीडियो यहां देखें।

फोकस इवेंट

मॉल बनाने के लिए घरों पर चला बुलडोजर

वीडियो यहां देखें।

राहुल गांधी ने जेलरवाला बाग में उन परिवारों से मुलाकात की जिनके घर दिल्ली सरकार ने गिरा दिए हैं। यहां के निवासियों ने उन्हें बताया कि दिल्ली उच्च न्यायालय की रोक के बावजूद उनके घर गिरा दिए गए। राहुल गांधी ने उन बच्चों से बात की जो अब स्कूल नहीं जा पा रहे हैं और उन परिवारों की समस्याओं को भी सुना जो बिना बिजली-पानी के रहने को मजबूर कर दिए गए हैं। उन्होंने इस मुद्दे पर हर मोर्चे- संसद से लेकर सड़क तक, लड़ने का संकल्प लिया।

जाति जनगणना से लेकर शिक्षा तक

भाषण यहां देखें।

दिल्ली में तेलंगाना जाति जनगणना कार्यक्रम में, राहुल गांधी ने तेलंगाना सरकार को उनकी ऐतिहासिक पहल के लिए बधाई दी। उन्होंने बताया कि सर्वेक्षण में सामने आया है कि अंग्रेजी शिक्षा सफलता के लिए जरूरी है। उन्होंने सरकारी स्कूलों में क्षेत्रीय भाषाओं के साथ-साथ अंग्रेजी पढ़ाने की वकालत की। उन्होंने भाजपा नेताओं की इस बात के लिए आलोचना की कि वे अपने बच्चों को अंग्रेजी पढ़ाते हैं, जबकि बहुजन छात्रों को वही अवसर नहीं देना चाहते हैं।

कांग्रेस को ओबीसी न्याय के लिए लड़ना होगा

भाषण यहां देखें।

दिल्ली में कांग्रेस ओबीसी भागीदारी न्याय सम्मेलन में, राहुल गांधी ने स्वीकार किया कि उन्होंने और कांग्रेस पार्टी ने हमेशा वंचित समुदायों के मुद्दों को उठाया, लेकिन ओबीसी समुदायों के मुद्दों को जैसे उठाना चाहिए था वैसे नहीं उठाया। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के भीतर ओबीसी नेताओं को मज़बूत राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने और उनके मुद्दों को जगह देने का आग्रह किया।

झलकियां

बिहार में लाखों मतदाताओं को वोट के अधिकार से वंचित करने वाले SIR अभियान के खिलाफ संसद में विरोध प्रदर्शन।

गुजरात में गंभीरा पुल दुर्घटना में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों से मुलाकात।

गुवाहाटी में असम सरकार की नफरत और भ्रष्टाचार की राजनीति को उजागर किया।

जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के साथ जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग पर चर्चा करते हुए।

गुजरात के आणंद में नवनिर्वाचित जिला अध्यक्षों के लिए प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ।



राहुल गांधी के सवाल

राहुल गांधी ने संसद में पीएम इंटर्नशिप योजना, किसान आत्महत्याओं और रायबरेली स्थित मॉडर्न कोच फैक्ट्री में ठेके पर काम के संबंध में सवाल उठाए। उन्होंने अपने सवालों के जरिये विस्थापित आदिवासियों के पुनर्वास और उच्च न्यायपालिका में समावेश की कमी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को भी उठाया। जहां वे सरकार को निरंतर जवाबदेह ठहरा रहे हैं, वहीं सरकार ने अपने जवाबों से जिम्मेदारी टालने की कोशिश की है।

प्रश्न पढ़ें:

- पीएम इंटर्नशिप योजना
- किसानों की आत्महत्या
- रायबरेली स्थित मॉडर्न कोच फैक्ट्री में ठेकेदारी प्रथा
- विस्थापित आदिवासियों का पुनर्वास
- उच्च न्यायपालिका में समावेशिता

न्यूज़लेटर को सब्सक्राइब करने के लिए यहां क्लिक करें